पुस्तकालय
2
3321
20/12/13

सत्यमेव जयते

असंशोधित

13 DEC 2013

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग–2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्रे०सं० 1930 तिथि 20/12/13

बि०स०मु०(एल०ए०वादवृत्त),184–डी०टी०पी०–1,500

इस्तेमाल करते हुए अधिनायकवाद का रवैया अख्तियार करते हुए प्रस्ताव लिया गया है,यह पूर्णतः गलत है,हमलोग इसका विरोध करते हैं और सदन से वाक आउट करते हैं।

(इस अवसर पर बी०जी०पी०के सभी माननीय सदस्यगण सदन का बर्हिगमन किये)

**क्रम संख्याः- ४, मा०सदस्य श्री सुरेश चंचल ।**

श्री मदन सहनीः- अध्यक्ष महोदय, वे मुझसे बोले हैं एवं उन्होंने लिखकर भी दिया है।

अध्यक्षः- ठीक है। आप प्रस्ताव को पढ़िये।

श्री मदन सहनीः- महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ किः-

"यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह बिहार पंचायत प्रारम्भिक शिक्षक (नियोजन एवं सेवा शर्त) नियमावली, २०१२ की कंडिका-१५ (ख) में वर्णित नियोजित शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष १७०/- रुपये एवं अप्रशिक्षित शिक्षकों को १००/- रुपये वेतनवृद्धि के प्रस्ताव को इस महंगाई में संशोधित कर १७०/- रुपये की जगह ५००/- रुपये एवं १०० रुपये की जगह ३००/- रुपये करें।"

श्री पी०के०शाही, मंत्रीः- महोदय,सरकार द्वारा समय-समय पर नियोजित शिक्षकों को नियत वेतन में वृद्धि की गयी है। अभी हाल ही में प्रत्येक शिक्षक के नियत वेतन में एक मुश्त तीन हजार रुपये की वृद्धि की गयी है। इसलिए अभी तत्काल वार्षिक रुप से दिये जाने वाली वेतनवृद्धि में बढ़ोत्तरी का कोई प्रस्ताव नहीं है। महोदय,भविष्य में वेतनवृद्धि के बारे में सरकार विचार करेगी। इसलिए माननीय सदस्य से अनुरोध होगा कि वे अपने प्रस्ताव को अभी वापस ले लें।

अध्यक्षः- क्या माननीय सदस्य अपने प्रस्ताव को वापस लेंगे।

श्री मदन सहनीः- मैं अपने प्रस्ताव को वापस लेता हूँ।

अध्यक्षः- सदन ही सहमति से माननीय सदस्य श्री सुरेश चंचल जी का प्रस्ताव वापस हुआ।

**क्रम संख्याः- ५, मा०सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह।**

श्री दुर्गा प्रसाद सिंहः- महोदय,मैं प्रस्ताव करता हूँ किः-

"यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह पूर्व मध्य रेलवे के बरौनी-मुजफ्फरपुर रेल खंड के साठाजगत रेलवे स्टेशन से दुबहा रेलवे स्टेशन तक जो सोनपुर रेल मंडल में है,जहाँ से सोनपुर मंडल को दूरी उक्त स्टेशनों से ७५ से १०० कि०मी० है,जबकि समस्तीपुर मंडल की दूरी १० से ३० कि०मी० है उक्त स्टेशनों को सोनपुर रेल मंडल से हटाकर समस्तीपुर रेल मंडल में सम्मिलित करने हेतु केन्द्र सरकार के रेल मंत्रालय से सिफारिश करें।"

श्री वृषिण पटेल, मंत्रीः- महोदय, पूर्व मध्य रेलवे के बरौनी-मुजफ्फरपुर रेल खंड के साठाजगत रेलवे स्टेशन से दुबहा रेलवे स्टेशन तक जो सोनपुर रेल मंडल में है,जहाँ से सोनपुर मंडल की दूरी उक्त स्टेशनों से ७५ से १०० कि०मी० है,जबकि रेल मंडल की दूरी १० से ३० कि०मी० है। उक्त स्टेशनों को सोनपुर रेल मंडल से हटाकर समस्तीपुर रेल मंडल में सम्मिलित करने हेतु केन्द्र सरकार के रेल मंत्रालय से राज्य सरकार सिफारिश करेगी।

अध्यक्षः- सदन ही सहमति से माननीय सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह जी का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।